# लुटेरी दुल्हन गैंग के सदस्य गिरफ्तार

## जबलपुर की महिला और गढ़ाकोटा के युवक ने शादी कराने के नाम पर सवा लाख रुपये की ठगी की थी

नवभारत न्यूज

**सागर 22 नवम्बर. बहेरिया थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर रकम ठगने वाले कुख्यात लुटेरी दुल्हन गैंग का भंडाफोड़ करते हुए गैंग की मुख्य आरोपी महिला सहित एक सदस्य को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 20 नवंबर की है, जब ग्राम मझगुवां निवासी फरियादी पुष्पेन्द्र घोषी ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई. फरियादी ने बताया कि आरोपिया नैनू और उसके साथियों ने विवाह का प्रस्ताव रखकर उनसे एक लाख तीस हजार रुपये की ठगी की है. शिकायत पर थाना बहेरिया में धारा 318(4), 319(2) एवं



61(2)(ए)बीएनएस के प्रावधानों में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई. वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक मकरोनिया के निर्देशन में बहेरिया पुलिस ने विशेष टीम गठित कर प्रयास तेज किए. पुलिस ने मुख्या सरगना अमृता रैकवार उर्फ नैनू उर्फ नेहा (35 वर्ष) निवासी शास्त्रीनगर बस्ती, जबलपुर और उसके साथी महेश रजक 35 वर्ष निवासी गढ़ाकोटा को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में दोनों आरोपियों ने फरियादी से शादी के नाम पर रकम वसूलने की बात स्वीकार की.

जानकारी के अनुसार आरोपियों ने यह भी खुलासा किया कि उनके गैंग में एक अन्य महिला व एक पुरुष और शामिल हैं, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है, पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं. गिरफ्तार आरोपियों को रिमांड पर लेकर गैंग के अन्य सदस्यों की खोज और आगे की जांच जारी है. थाना प्रभारी निरीक्षक गजेन्द्र जौहरिया, सउनि देवेन्द्र दुबे, महिला आरक्षक अंकिता अग्निहोत्री, आरक्षक नरेन्द्र रावत तथा राघवेन्द्र सिंह राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## मुख्यमंत्री का बंडा आगमन आज

**बंडा.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 23 नवम्बर को सागर जिले में भ्रमण प्रस्तावित है.



भ्रमण के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री सागर जिले के बंडा में सर्वसुविधायुक्त सांदीपनि विद्यालय के लोकार्पण समारोह में शामिल होंगे एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे. सागर जिले के प्रवास के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बंडा तहसील मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 50.65 करोड़ के कुल 16 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे. बंडा आगमन को लेकर मुख्यमंत्री का मिनिट टू मिनिट कार्यक्रम आना शेष है.

# दो दिन बाद शादी घरों में लगेंगे ताले

## बकाया राशि जमा करने को लेकर निगम आयुक्त ने दिए निर्देश, होगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सागर 22 नवम्बर. नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित मैरिज गार्डनों के संचालकों को बार-बार कहने के बाद भी संपत्ति कर एवं कचरा प्रबंधन शुल्क की राशि जमा नहीं की जा रही है. अगर 2 दिवस में राशि जमा नहीं की जाती है तो मैरिज गार्डनों को तत्काल प्रभाव से सील करने की कार्रवाई की जाए.**

यह निर्देश नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी को दिए. नगर निगम आयुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में संचालित सभी मैरिज गार्डनों को कई बार समझाइश दिए जाने के बाद भी यदि वे निर्धारित समय सीमा में अपने संपत्तिकर, कचरा प्रबंधन शुल्क एवं अन्य बकाया राशि जमा नहीं करते हैं, तो ऐसे सभी मैरिज गार्डनों के विरुद्ध सील करने की कार्रवाई सख्ती से की जाए. नगर निगम आयुक्त ने राजस्व अधिकारी श्री तिवारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक मैरिज गार्डन को अंतिम रूप से 2 दिवस का समय प्रदान किया जाए.

उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर की राजस्व वृद्धि एवं स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यह कदम आवश्यक है.

राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी ने बताया कि मैरिज गार्डन वर्षों से लंबित कर राशि जमा नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण निगम को वित्तीय हानि हो रही है तथा कचरा प्रबंधन व्यवस्था पर भी अतिरिक्त भार पड़ता है. उन्होंने कहा कि निगम नियमित रूप से सफाई, प्रकाश, जल व्यवस्था एवं अन्य जनसुविधाओं के लिए कार्य कर रहा है, ऐसे में कर अदायगी सभी संचालकों की जिम्मेदारी है.

निगमायुक्त ने सभी मैरिज गार्डन संचालकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा में अपने बकाया कर की राशि अविलंब जमा करें ताकि किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्यवाही से बचा जा सके. निगम द्वारा आने वाले दिनों में अन्य बड़े बकायादारों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे.

# मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज की अगवानी



नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 22 नवम्बर. मुनिश्री प्रमाण सागर का ससंघ भोपाल से चलकर राहतगढ़ पहुंचा जहां मंगल प्रवेश हुआ.**

मुनि संघ की मंगल अगवानी की गई.स्वागत द्वार, बंधनबार एवं घरों के बाहर रंगोली सजाकर मुनिश्री संघ की जगह जगह आरती हुई. सकल दिगंबर जैन समाजके तत्वाधान में मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज के सानिध्य में पंचकल्याण गजरथ महोत्सव 27 नवंबर से 2 दिसंबर तक होने जा रहा है. महापात्रों में मातापिता चौधरी अशोक लीलावती जैन, महेंद्र सौधर्म इंद्र, चौधरी मुकेश जैन कुबेर, कमलेश जैन महायज्ञ नायक, संतोष कुमार, संजय जैन भारत बाहुबली, चौधरी अमित, चौधरी अर्पित जैन राजा श्रृयांश, आनंद जैन, अनिल जैन राजा सोम साथ ही शेष पात्रों का चयन बाद में होगा.

# उपजेल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष बना

नवभारत न्यूज

**रहली 22 नवम्बर. महेश कुमार शर्मा, प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन एवं दिनेश देवड़ा, जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति रहली के मुख्य आतिथ्य में उपजेल रहली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का उद्घाटन किया गया.**

जानकारी के अनुसार जेल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष की स्थापना होने से कानूनी प्रक्रियाओं में आसानी, कैदियों के परिवहन में लगने वाले समय एवं खर्च की बचत, सुरक्षित एवं नियंत्रित वातावरण, त्वरित सुनवाई में मदद, बंदियों के लिये अधिवक्ताओं एवं परिवार के सदस्यों से मिलने में सहायता




प्रदान होगी. इसके साथ ही न्यायिक अधिकारियों द्वारा उपजेल रहली का निरीक्षण भी किया गया.

निरीक्षण के दौरान जेल में बंदियों को उपलब्ध खान-पान व्यवस्था, दवाईयों की व्यवस्था, उपचार व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया.

उक्त उद्घाटन कार्यक्रम एवं निरीक्षण के दौरान श्रीमान दिनेश देवड़ा, प्रथम जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति रहली, उमेश कुमार पटेल, द्वितीय जिला न्यायाधीश रहली, सहायक जेल अधीक्षक गणेश सिंह उपस्थित रहे.

# स्टेट हाईवे पर सड़क दुर्घटना में चाचा-भतीजे की हुई मौत

नवभारत न्यूज

**सागर 22 नवम्बर. सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत मेनपानी इलाके में सड़क हादसा में बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे चाचा-भतीजे को अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में टक्कर मार दी.**

हादसा इतना भीषण था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई. जानकारी के अनुसार राहुल पिता मुन्ना गौंड 25 वर्ष और उनके चाचा पप्पू उर्फ भाव सिंह गौंड 50 वर्ष सागर से बाइक पर सवार होकर अपने गांव हिनौता लौट रहे थे. जैसे ही वे मेनपानी गांव के पास पहुंचे, तभी सामने से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और कुछ ही क्षणों में उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई. हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक बिना रुके मौके से फरार हो गया, राहगीरों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी. जानकारी मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया. पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है. फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है. पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि वाहन की पहचान की जा सके. पुलिस ने बताया कि वाहन चालक की पहचान होते ही उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

## पिता-पुत्र ने पीटा

**ललितपुर.** देवगढ़ रोड जुगपुरा निवासी जयपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है. बताया कि उसका छोटा भाई मुकेश पुत्र ऊदल सिंह कुछ सामान लेने के लिए पास की किराने की दुकान पर गया था. तभी दुकान मालिक बिट्टू जैन व राकेश जैन की किसी बात को लेकर उसके भाई से कहा सुनी हो गयी, जिससे दुकानदार का पुत्र व पिता ने उसके भाई को गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी. लाठी-डंडों से मुकेश की पिटाई करते हुये उक्त लोगों ने उसका मोबाइल फोन भी क्षतिग्रस्त कर दिया और धमकाते हुये चले गये, पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है.


